हिन्दुस्तान मोटर्स की ओर से सिंगुर की धाविका आशा राय को उपहार में कार की चाबी देते हुए राज्य के खेल एवं परिवहन मंत्री मदन मित्रा। पत्रिका

एम्बसडर का ओनकोर मॉडल लांच

कोलकाता. हिन्दुस्तान मोटर्स ने अपने चार पहिया वाहन एम्बसडर के नए फारमेट के बीएस-मॉडल ओनकोर को मंगलवार दोपहर लांच किया। राज्य के खेल व परिवहन मंत्री मदन मित्रा ने खुदीराम बोस अनुशीलन केन्द्र में ग्राहकों के लिए हिन्दुस्तान मोटर्स के इस नए मॉडल को लांच किया। नए मॉडल में सात दशक पुराने लोकप्रिय मॉडल में नवीनतम तकनीक का उपयोग किया गया है। इसे निजी उपयोग के साथ ही नो रिफ्यूजल टैक्सी की श्रेणी में उपयोग किया जा सकेगा।

हिन्दुस्तान मोटर्स के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तम बोस ने कहा कि कम्पनी की प्राथमिकता ग्राहकों की मांग के अनुसार अधिक सुविधाएं प्रदान करने की रही है। कम्पनी ने अपने लोकप्रिय मॉडल के डीजल सेगमेन्ट में तकनीक नवीनीकरण किया है। उसकी कीमत कम रखी गई है व ग्राहकों की जरूरत का ध्यान रखा है।

धाविका को उपहार में कार

कम्पनी की ओर से राज्य की धाविका आशा राय को उनकी खेल प्रतिभा के लिए उपहार में कार प्रदान की गई। सिंगुर के सामान्य परिवार में जन्मी धावक राय ने जुलाई 2013 में पूणे में हुई एशियन एथेलेटिक स्पर्द्धा में रजत पदक प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया था।

खेल व परिवहन मंत्री मित्रा ने उसकी उपलब्धि की सराहना करते हुए उसे कार की चाबी प्रदान की।

(कार्यालय संवाददाता)